उत्तर प्रदेश शासन
सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-4
संख्या– 715/2026/658पी(1)/26-27-सिं0-4-सीएन-2062356
लखनऊ, दिनांक- 15 जुलाई, 2026

शुद्धि पत्र

जनपद हापुड़ में स्थित शिवनगरी रेगुलेटर के गेटों पर इपोक्सी पेन्टिंग एवं शेड के निर्माण की परियोजना लागत धनराशि रू0 48.46 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में लेखाशीर्षक 4701-93-051-07-14-24 (नई योजना) के अन्तर्गत उक्त परियोजना हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 40.00 लाख के सापेक्ष रू० 38.76 लाख(रुपये अड़तीस लाख छिहत्तर हजार मात्र) को प्रथम किश्त के रूप में चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में परियोजना के कार्यों पर व्यय करने हेतु शासनादेश संख्या-625 /2026/658पी/26-27-सिं०-4-001-सीएन-2062356, दिनांक 29.06.2026 के माध्यम से अवमुक्त की गयी है। शासनादेश पोर्टल पर निर्गत उक्त शासनादेश के प्रस्तर-2 में लेखा शीर्षक त्रुटिवश 4701930510714 के स्थान पर 4700070511014 अंकित हो गया है।

2. अतः उपरोक्त परियोजना लागत धनराशि रू० 48.46 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा उक्त परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक अनुमान में अनुदान संख्या-94 के लेखाशीर्षक-4701-93-051-07-14-24 के अन्तर्गत प्राविधानित बजट धनराशि रू० 40.00 लाख के सापेक्ष रू० 38.76 लाख (रुपये अड़तीस लाख छिहत्तर हजार मात्र) अवमुक्त किये जाने हेतु **शासनादेश संख्या-625 /2026/658पी/26-27-सिं०-4-001-सीएन-2062356, दिनांक 29.06.2026 के प्रस्तर-2 में लेखा शीर्षक 4701930510714 पढ़ा जाये।**

3. उक्त शासनादेश संख्या-625/2026/658पी/26-27-सिं०-4-001-सीएन-2062356, दिनांक 29.06.2026 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाये। शासनादेश में उल्लिखित शेष शर्तें/प्रतिबन्ध यथावत रहेंगी।

रमा कान्त वर्मा
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी प्रथम/द्वितीय), उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ०प्र० लखनऊ।
4- प्रमुख अभियन्ता (परियोजना),सिंचाई विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5- मुख्य अभियन्ता (बजट), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ ।
6- मुख्य अभियन्ता (सज्जा एवं सामग्री प्रबंध), गंगा सिंचाई भवन, तेलीबाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
8- वरिष्ठ/मुख्य कोषाधिकारी, बिजनौर, उ0प्र0।

https://shasanadesh.up.gov.in

9- अनु सचिव /नोडल अधिकारी (बजट एलाटमेंट सिस्टम), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ ।

10- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-8

11- नियोजन अनुभाग-3

12- सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-9

13- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
रमेश चन्द्र
अनु सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in